# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सर्तकता समिति की बैठक सम्पन्न

## जिले में विगत वर्ष 383 वाद निर्णीत कर 92.49 लाख का अर्थदण्ड अधिरोपित

### एडीएम ने आगामी त्योहारी सीजन में जिले में मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाने के दिए निर्देश



**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सर्तकता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ0 दीनानाथ यादव ने बताया कि जिले में विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रर्वतन कार्यवाही कर 3166 निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के 826 नमूनें एकत्रित किये गये, 666 जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें 250 अधोमानक, 89 असुरक्षित तथा 22 मिथ्याछाप पाये गये। 418 वाद मा0 न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी अलीगढ़ में दायर किये गये व 157 वाद मा0 न्यायिक न्यायालय में दायर किये गये। मा0 न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा 368 वाद निर्णित करते हुए 89 लाख 94 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। मा0 न्यायिक न्यायालय ने 15 वाद निर्णित करते हुए 2 लाख 55 हजार रूपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रर्वतन कार्यवाही कर 783 निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के 296 नमूनें एकत्रित किये गये, 185 जॉच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें 79 अधोमानक, 27 असुरक्षित व 04 मिथ्याछाप पाये गये। 53 वाद मा0 न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी अलीगढ़ में दायर किये गये व 8 वाद मा0 न्यायिक न्यायालय में दायर किये गये। मा0 न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा 80 वाद निर्णित करते हुए 35 लाख 31 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त विगत वर्ष जिले में 5 कस्तूरबा गांधी विद्यालय इंट राईट स्कूल प्रमाणित हुए। जिला प्रशासन एवं नगर निगम, नगर पालिका व स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से विगत वर्ष एसबीआई मेन ब्रांच के सामने क्लीन स्ट्रीट फूड हब विकसित एवं प्रमाणित हुआ। विगत वर्ष इस्कान मंदिर FSSAI से (BHOG ) प्रमाणित हुआ। 40 खाद्य प्रतिष्ठानों को हाईजिन रेटिंग प्रमाण पत्र एवं 240 खाद्य व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को फास्टेक प्रमाण पत्र जारी किए गए।

एडीएम सिटी ने कांवड़ यात्रा से पहले अचलेश्वर मन्दिर व खेरेश्वर मन्दिर के आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण एवं जन जागरूकता कार्यकम, जिम में प्रोटीन पाउडर एवं मैडीकल स्टोर पर कार्यवाही के साथ सभी मेडीकल स्टोर एवं मदिरा की दुकानों को फूड लाईसेन्स से आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में त्योहारी सीजन है ऐसे में जिले में मिलावटी एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाया जाए।

# पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित पराविधिक स्वयंसेवक एवं पैनल अधिकवक्ता के रूप कार्य करने के लिए 01 जुलाई तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार नालसा ने सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिये एक समर्पित योजना तैयार करने की प्रक्रिया में है। अपर जिला जज एवं पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जो सैनिक, पूर्व सैनिक, आश्रित, राज्य, जिला, तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण या समितियों में कानूनी सेवा में कानूनी जागरूकता, सामुदायिक पहुँच एवं सहायता के लिए पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में काम करने के इच्छुक हैं वह अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में 01 जुलाई 2025 की सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि वांछित सूचना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली को प्रेषित की जा सके। उन्होंने यह भी बताया है कि अधिवक्ता के रूप में कार्यरत एवं जज एडवोकेट के रूप में कार्यरत् पूर्व सैनिक यदि विधिक सेवा के लिए राज्य, जिला, तालुका विधिक सेवा समिति में पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्य करने के इच्छुक हैं (बार में कितने वर्षो का अनुभव है इसकी कोई बाध्यता नहीं है) वे अपना नाम, पता व मोबाइल नम्बर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में 01 जुलाई 2025 के अपरान्ह 2 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि वांछित सूचना उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को प्रेषित की जा सके।

# राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिताः मृतक एवं अपात्र यूनिटों का निरस्तीकरण किया गया -डीएसओ



**अलीगढ़।** जिले में पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुँचाने की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया है कि राशन वितरण प्रणाली में मृतक एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम पर किसी भी प्रकार का वितरण रोकने के लिए गहन कार्यवाही की गई है। खाद्य आयुक्त कार्यालय से प्राप्त 19,993 मृतक लाभार्थियों की सूची का शत-प्रतिशत परीक्षण कर सभी मृतक यूनिटों को पूर्व में ही निरस्त कर दिया गया है। अपात्र व्यक्तियों के राशनकार्ड के सम्बन्ध में बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं शासनादेशों के तहत पात्रता का सत्यापन प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से किया जाता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के आदेशानुसार 27 मई 2025 से ग्राम पंचायत, नगर पंचायत व उचित दर दुकानों पर व्यापक सत्यापन अभियान संचालित है। सत्यापन के दौरान पात्र एवं अपात्र व्यक्तियों का चयन कर अपात्र पाए जाने पर उनके राशनकार्डों को तत्काल निरस्त किया जा रहा है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँच सके। जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने में सहयोग करें। पात्रता संबंधी जानकारी या किसी शिकायत के लिए जिला पूर्ति कार्यालय से सीधे संपर्क करें। शासन-प्रशासन का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक खाद्यान्न पहुँचाना और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी कार्यवाही करना है।

# महिला की मौत, छत पर मिला शवः मृतका तीन बच्चों की मां, चेहरे और गले पर चोट के निशान मिले

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव अभुआपुरा में शनिवार को, एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला का शव उसके घर की छत के ऊपर मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका की पहचान थाना फतेहपुर सीकरी के गाँव दाऊदपुर सामरा निवासी मनोज पत्नी गजराज सिंह के रूप में हुई है। मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष है।मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गाँव अभुआपुरा में एक महिला की बॉडी संदिग्ध परिस्थिति में उसी के घर की छत पर पाया गया। साथ ही बताया गया है कि, मृतका मूलरूप से थाना फतेहपुर सीकरी के गाँव दाऊदपुर सामरा की रहने वाली थी। जो कि थाना क्षेत्र किरावली के गाँव अभुआपुरा में किराए पर मकान लेकर रहती थी। शनिवार सुबह सूचना मिली कि, एक महिला छत पर पड़ी हुई है। जिसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर तत्काल पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पाया कि, महिला की मौत हो चुकी है। जिसके चेहरे और गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने महिला की शिनाख्त की, और परिजनों को घटना संबंधी सूचना दी।

मौके पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चोट के निशानों के आधार पर हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। बता दें कि, मृतका के तीन बच्चे भी हैं। वहीं इस मामले पर थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह का कहना है कि, महिला का शव उसके घर की छत पर पाया गया है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सूचना पर मृतका के परिजन भी आ गए। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हत्या, आत्महत्या और घरेलू हिंसा सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।



# पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और आश्रितों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अलीगढ़।** जिले में समस्त पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की वीर नारियों एवं उनके आश्रितों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याणार्थ विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार चालू वित्तीय वर्ष में उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रम शामिल हैं, जोकि 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किए जा सकेंगे। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर जितेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण 480 घंटे, कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स 300 घंटे, एमएसएमई की कोचिंग 30 दिन, कम्प्यूटर टैली कोर्स 180 घंटे संचालित होगा।

इच्छुक पूर्व सैनिक, दिवंगत सैनिकों की वीर नारियां एवं उनके आश्रित, शहीद सैनिकों के आश्रित अपनी शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र, डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति तथा पहचान संबंधी समस्त दस्तावेज लेकर कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास में तत्काल संपर्क कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# डीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम संपन्न

## 120 गोद लिए गए क्षय रोगियों को मिला लाभ



**अलीगढ़।** जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शनिवार को पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिला स्तरीय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा गोद लिए गए 120 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गई, जिससे उनके उपचार और पोषण स्तर में सुधार हो सके। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने कहा कि पोषण क्षय रोगियों के शीघ्र उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभिन्न विभागों द्वारा गोद लिए गए मरीजों को समय पर पोषण सामग्री उपलब्ध कराना एक संवेदनशील और उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य है, जो जनभागीदारी की दिशा में सशक्त कदम है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित पोषण अत्यंत आवश्यक है। क्षय रोगियों को नियमित दवा के साथ पोषण समर्थन मिलने से उनके उपचार की गति तेज होती है। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सतेन्द्र कुमार (क्ऌ, क्षय रोग विभाग) एवं पियूष सेंगर की विशेष भूमिका रही। दोनों द्वारा विभागीय समन्वय एवं योजना के माध्यम से पोषण सामग्री के सुचारु वितरण को सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर सभी गोद लेने वाले अधिकारियों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और भविष्य में इस पहल को और अधिक प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में मोहर्रम एवं काबड़ यात्रा को लेकर कानून व्यवस्था व स्वच्छता की तैयारियों पर बैठक सम्पन्न

## परम्परागत रूप से निकाले जाएंगे अलम के जुलूस



**अलीगढ़।** आगामी मोहर्रम एवं काबड़ यात्रा पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, गली-मोहल्लों, मस्जिदों, शिव मंदिरों के आसपास और कर्बला की ओर जाने वाले मार्गों पर साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं शुद्ध पेयजल सुनिश्चित कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजीव रंजन ने की। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोहर्रम के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, मार्ग मरम्मत, जलनिकासी व्यवस्था एवं प्रकाश की व्यवस्था समय से पूर्ण कर ली जाए। पेयजल आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया कि ताजिया की ऊंचाई अधिकतम 10 फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी थानों में शांति समितियों की बैठक कर कांवड़ श्रद्धालुओं, जलूस आयोजकों एवं ताजियादारों से समन्वय बनाते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी जानकारियां दे दी जाएं। ताजिया के रूट का सभी प्रकार से निरीक्षण कर लिया जाए। जुलूस और ताजिया निकलने के दौरान छतों से कोई सामग्री न फेंकी जाए। इसके लिए रूफटॉप पुलिस ड्यूटियां भी लगाई जाएं। किसी प्रकार का शस्त्र प्रदर्शन नहीं किया जाना है। ढ़ीले टार ठीक करवा लिए जाए, बिजली आपूर्ति जरूरत के अनुसार ही बाधित की जाए। छोटी से छोटी घटनाओं को गम्भीरता से लिया जाए। परम्परागत मार्ग ही जुलूस में अपनाए जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कहा कि इस त्योहार सीजन में सभी को पूरी सतर्कता बरतनी है। अफवाहों को न फैलने दें। सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखें। जुलूस में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन न हो। विभागीय समन्वय में कमी नही होनी चाहिए। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया जूलूस के लिए ड्यूटी लगाते समय संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट राम शंकर समेत सभी एसडीएम, एसीएम, सीओ, थानाध्यक्ष, विभागीय अधिकागरीगण, शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# दो सगे भाइयों के घर में चोरी; अछनेरा में दिन में घर का ताला तोड़कर 32 हजार नकद और गहने ले गए चोर

**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव बसैया राजपूत में चोरों ने दो सगे भाइयों के घरों को निशाना बनाया। चोरी की वारदात दिन में हुई, जब दोनों भाई किसी कार्यक्रम में गए हुए थे। दोपहर को जब वे घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारियों के लॉक भी टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी के लॉकर में रखे 32 हजार रुपए नकद के साथ सोने की चेन, पेंडल और चांदी की पायल ले गए।घरवालों ने तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास पूछताछ की और जांच शुरू कर दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि एक ही परिवार के दो सदस्यों के घरों में चोरी होना साजिश की ओर इशारा करता है। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल है।



# ताज रॉयल अपार्टमेंट में खड़ी कार में लगी आगः देखते ही देखते आग का गोला बनी कार, फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में बुझाई

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र के अंतर्गत ताज रॉयल अपार्टमेंट के बेसमेंट में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। कार से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही की कोई भी गाड़ी आपकी चपेट में नहीं आई। ताज रायल अपार्टमेंट में रहने वाले एसके शर्मा की कार शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे बेसमेंट में खड़ी हुई थी। तभी अचानक कार में आग लग गई। बेसमेंट में आग की लपटें उठने से धुआं भर गया। अपार्टमेंट से लोग बाहर निकल आए। थोड़े ही देर में कार आग का गोला बन गई। आग लगता हुआ देख गार्डस भी मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जहां आग लगी, उसके आसपास से लगभग 50 से अधिक अन्य गाड़ियां खड़ी हुई थी। लोग अपनी कारों को हटाने लगे। आग लगने की सूचना इलाका पुलिस फायर विभाग की टीम को दी गई। दोनों ही टीमों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

# आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए व्यापक तैयारी

## मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी डीएम-एसएसपी एवं एसपी को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**अलीगढ़।** आगामी श्रावण मास में 11 जुलाई से 09 अगस्त 2025 तक प्रस्तावित कांवड़ यात्रा के सफल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ के निर्देशन में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार, मथुरा, राजस्थान, रामघाट व हरियाणा की ओर यात्रा करते हैं। इसके साथ ही सांकरा, लहरा, बाजपुर, नरौरा व रामघाट गंगा घाट से जल लाकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्गों की विशेष मरम्मत, चौड़ीकरण और बाधा रहित मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी जिला मजिस्ट्रेट को 5 जुलाई 2025 तक सभी तैयारियां पूरी करने के भी आदेश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी के साथ-साथ पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। काबड़ यात्रा के दौरान डीजे की ऊचांई निर्धारित मानक से अधिक न हो। विद्युत विभाग सुनिश्चित करे कि काबड़ यात्रा मार्ग पर झूलते तार और क्षतिग्रस्त विद्युत पोल न हो। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ कांवड़ यात्रा के दौरान चिकित्सा सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड पर रखा जाए और प्रमुख मार्गों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चिकित्सकों एवं चिकित्सालयों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभाग को यात्रा मार्गों पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती और पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बिजली विभाग को सभी यात्रा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था दुरुस्त करने एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यात्रा के दौरान आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने में कोई कसर न छोड़ें ताकि यह पावन यात्रा जिले की शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बने।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## जिला प्रशिक्षण कार्यालय धनीपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दिया जा रहा है प्रशिक्षण, आंगनवाड़ी कार्यकत्री को उनके काम को बेहतर ढंग से करने और बच्चों और महिलाओं के विकास में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण होगा सहायक-कृष्णकांत राय, डीपीओ



**अलीगढ़।** आंगनवाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर प्रतिचयनित 39 आंगनवाड़ी कार्यकत्री का 07 दिवसीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण कार्यालय धनीपुर में दिया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण में अलीगढ़ जिले की 25 एवं हाथरस की 14 आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रशिक्षण लिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद के लिए प्रशिक्षण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को उनके काम को बेहतर ढंग से करने और बच्चों और महिलाओं के विकास में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आमतौर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को विभिन्न विषयों जैसे कि स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बचपन शिक्षा, और सामुदायिक जुड़ाव पर जानकारी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक, और बौद्धिक विकास के विभिन्न चरणों के बारे में जागरूक करना। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति में सुधार के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे फैंसी ड्रेस, खेल, और स्वस्थ शिशु प्रतियोगिताओं का आयोजन करना। आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को बच्चों और महिलाओं के लिए आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना। आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को समुदाय के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने और उनकी जरूरतों को समझने में मदद करना। प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रीओं को बच्चों का विकास, पोषण और स्वास्थ्य, शिशुओं की देखभाल, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की देखभाल, समुदाय के साथ जुड़ना और सेवाएं प्रदान करना, आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रबंधन, सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को न केवल अपने काम को बेहतर ढंग से करने में मदद करता है, बल्कि समुदाय के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाता है।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण एवं नगरीय विकास की 845 परियोजनाओं पर 2817.829 करोड़ रुपये की कार्य योजना तैयार



**अलीगढ़।** जिलों में सड़कों के चौड़ीकरण, नव निर्माण एवं सेतु निर्माण से जुड़ी अतिरिक्त कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। बैठक में मा0 विधायकगणों एवं मा0 विधान परिषद सदस्यों के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय जरूरतों एवं सड़कों की जमीनी स्थिति के अनुरूप सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। पूर्व आयोजित बैठक में 807 परियोजनाओं के लिए 1290.442 किलोमीटर लंबाई के कार्य एवं 2748.691 करोड़ रुपये लागत की कार्य योजना तैयार की गई थी। शनिवार को आयोजित बैठक में में 69.138 करोड़ रुपये की 38 नवीन अतिरिक्त विकास परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया। जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण एवं नगरीय विकास की 845 परियोजनाओं पर 2817.829 करोड़ रुपये की कार्य योजना तैयार की गई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के अन्तर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों, तहसीलों, प्रमुख मार्गों, फ्लाई ओवर, रिंग रोड, धर्मार्थ स्थलों तक पहुँच मार्ग व औद्योगिक पार्क की कनेक्टिविटी को शामिल किया गया है।

उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित कार्य योजनाएं गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व पारदर्शी पूरी की जाएं जिससे जिले में आवागमन सुगम होने के साथ विकास को नई गति प्राप्त हो सके। जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण संपर्क, भवन निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों की 807 परियोजनाओं के लिए कुल 1290.442 किलोमीटर लंबाई के कार्य एवं 2748.691 करोड़ रुपये लागत की कार्य योजना तैयार की गई है। प्रमुख योजनाओं में 150 से अधिक आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए 542 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की योजना, ग्रामीण संपर्क मार्गों के पुनर्निर्माण, नई सड़कों, फ्लाईओवर, पुलिया, विशेष मरम्मत एवं रोड सेफ्टी से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके अंतर्गत कुल 807 कार्य किए जाएंगे। इन सभी कार्यों का उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ना, शहरी क्षेत्रों के विकास को गति देना एवं शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल आवागमन में सुविधा बढ़ेगी, बल्कि रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा और जिले के समग्र विकास को नया आयाम मिलेगा। जिले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने, यातायात को सुगम बनाने और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 38 नवीन कार्य योजनाएं संचालित की जाएंगी। इन कार्यों पर कुल 69.138 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें 61.783 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण किया जाएगा। प्रमुख योजनाओं में 150 से अधिक आबादी के गांवों को जोड़ने के लिए 26 ग्रामीण मार्गों का निर्माण होगा, जिसकी कुल लंबाई 46.950 किमी होगी। ग्रामीण मार्गों के मिसिंग लिंक का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 0.750 किमी मार्ग पर 0.71 करोड़ रुपये व्यय होंगे। राज्य मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के तहत 4.120 किमी लंबाई पर 24.71 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लॉजिस्टिक्स और वाणिज्य योजनाओं के अंतर्गत 6.200 किमी लंबाई पर 38.91 करोड़ रुपये की लागत होगी। विशेष मरम्मत कार्य के तहत 5 कार्यों में 3.038 किमी सड़क का सुधार किया जाएगा, जिस पर 1.98 करोड़ रुपये व्यय होंगे। जिले में लघु सेतु कार्य भी प्रस्तावित हैं, जिन पर 0.99 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है। डीएम ने कहा कि इन सभी योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन तथा विकास में तीव्रता मिलेगी।

बैठक में मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर, मा0 विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह, मा0 विधायक खैर श्री सुरेन्द्र दिलेर, मा0 एमएलसी प्रो0 तारिक मंसूर, मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार एवं संजीव पुष्कर समेत अन्य सहायक अभियंतागण उपस्थित रहे।

# पथवारी माता मंदिर पर आयोजित हुआ अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमई आयोजन, भक्ति की बही रसधार





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शनिवार को मऊ रोड़ स्थित सिद्धार्थ एंक्लेव में पथवारी माता मंदिर पर अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमई आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में संगीतकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए श्री राम कथा का गुणगान किया। कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी पण्डित संजय शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर श्री राम कथा का रसपान किया। ढोलक और बाजों की सुर-ताल पर संगीतकारों ने अपनी सुरीली आवाज़ से श्री राम कथा की सुन्दर प्रस्तुतियां दी, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति रस की अद्भुत अनुभूति हुई। इस धार्मिक अनुष्ठान में महिलाओं, पुरुषों और और बाल गोपालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया , भक्ति रस में सराबोर श्रद्धालुओं ने संगीतमई कीर्तन का भरपूर आनंद लिया। यह जानकारी मंदिर की सेवा समिति के सदस्य अधिवक्ता नरेंद्र सिंह परमार, ताराचंद बघेल, रामसेवक शर्मा, लालाबाबू शर्मा, महेंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने अपने संयुक्त बयान में हमारे संवाददाता को बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से जनसमुदाय में एकता और भक्ति की भावना का प्रसार होता है, जो समाज के लिए सकारात्मक संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है, जो हनुमानजी की भक्ति और श्री राम जी की महिमा का गुणगान करता है। उन्होंने कलयुग में राम नाम को ही एकमात्र कल्याण का मार्ग बताया। इस के पश्चात आयोजकों ने भोग प्रसादी का वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया और जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए!

# आधार सेवा केंद्र आगरा का ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बंद, ऑफलाइन के लिए कार्यालय नें 3 काउंटर खोले

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** UIDAI जनसेवा केंद्रों पर नकेल कसने के लिए ऑनलाइन पोर्टल को बंद कर दिया हैं, जिससे आम जनता के साथ जो ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने के नाम पर धन उगाही होती थी उसे कंट्रोल किया जा सके।आज के समय में आगरा एवं नजदीकी जिले के लिए मात्र एक आधार कार्यालय हैं, जिसके लिए 700 ऑनलाइन और 300 ऑफलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन जनता के साथ हो रहें धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपॉइंटमेंट पोर्टल कुछ समय के लिए बंद किया गया हैं।ऑनलाइन अपॉइंटमेंट जनता के सहूलियत के लिए रखा गया हैं जिससे वो अपने समय पर पहुंच कर आधार से सम्बंधित सर्विस ले सके, लेकिन जब आम जनता के जगह जनसेवा वाले इसे धंधा बना लिए तो उसके उपाय के लिए इसे कुछ माह के लिए बंद किया जा रहा हैं। आधार कार्ड धारको के सहयोग के लिए इस समय केंद्र पर 3 वाकिंग (ऑफलाइन काउंटर) ओपन किये गये है, जिसमें तीनों काउंटर से प्रति 1 घंटे में 125 लोगो को टोकन जारी किया जायेगा, वो भी मात्र सरकारी शुल्क में।केंद्र की क्षमता हैं की वो 1000-1200 लोगो को प्रतिदिन सर्विस दें सकता हैं, लेकिन उसके लिए जनता को भी सहयोग करना होगा और सुबह 9:00AM से शाम के 5:30PM तक केंद्र पर आकर अपने लिए फॉर्म और टोकन प्राप्त कर सकते हैं।



# राजकीय संप्रेषण किशोर गृह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## मादक पदार्थ के सेवन न किए जाने तथा मादक पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्ति को होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे विस्तार से दी गई जानकारी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में मा0 जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के मार्ग दर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज राजकीय संप्रेषण, गृह किशोर, आगरा में drug awareness and wellness navigation (for a drug free India) के विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर पूजा कुलश्रेष्ठ एनटीपीसी काउंसलर के द्वारा बच्चों को धूम्रपान एवं करने के संबंध में एवं दुष्प्रभाव के बारे में किशोर को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई साथ ही कुछ किशोर की काउंसलिंग का कार्य भी किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ अविनाश के द्वारा बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन न किए जाने के लिए कहा गया और मादक पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्ति को होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।



**शिविर का समापन सौहार्दपूर्ण रहा।**

जागरूकता शिविर कार्यक्रम में श्रीमती पूजा कुलश्रेष्ठ, काउंसलर (NTCP), डॉ अविनाश, डॉ आंचल, डॉ एकता, नामित अधिवक्ता/पैनल लॉयर, श्री आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दानवीर भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का हुआ भव्य आयोजन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मा.केंद्रीय मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल जी की अध्यक्षता में, मा. विधायक भगवान सिंह कुशवाह जी की गरिमामई उपस्थिति में मंडलायुक्त सभागार में दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर ÷व्यापारी कल्याण दिवस÷ के रूप में राज्य कर विभाग, उद्योग विभाग,संस्कृति विभाग के द्वारा तथा जिला प्रशासन, आगरा के सहयोग से भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के लोक भवन लखनऊ से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने देखा व सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ मा. जनप्रतिनिधिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में अनिल शर्मा, गिरिराज अग्रवाल, टी एन अग्रवाल, विजय गुप्ता, द्वारा भामाशाह जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों हेतु आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन भी प्रदान करने की बात रखी तथा कहा व्यापारी वर्ग आज भी भामाशाह जी की तरह धर्म व राष्ट्र के लिए खड़ा है। इस अवसर पर वर्ष 2024- 25 में जनपद में 05 सर्वाधिक राजस्व प्रदाता, जीएसटी करदाताओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों सर्वश्री पीएनसी इंफ्राटेक लि.21465.18 लाख, एशियन पेंट 16963.54 लाख, अशोका ऑटो सेल्स लि.7234.97 लाख, मॉडर्न रोड मेकर प्रा.लि.3442.85 लाख, जीपीटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि.3357.83 हजार को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने दानवीर भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों, व्यापारी बंधुओं, इन्वेस्टर्स को संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह जी राष्ट्रवादी थे, जैन वैश्य समाज से होते हुए भी सैन्य संचालन में भी कुशल थे, भामाशाह जी द्वारा किया गया दान विशिष्ट श्रेणी का था जो राष्ट्र रक्षा के हितार्थ था, अकबर ने बंगाल से अफगानिस्तान तक राज्य विस्तार किया लेकिन मेवाड़ अधीन नहीं कर पाया, भामाशाह जी ने राणा प्रताप जी को इतना दान दिया कि उससे 25 हजार सैनिकों की सेना 15 साल तक संचालित की जा सकती थी, आगरा दानवीरों का शहर है यहां के लोग सामाजिक कार्यों में सर्वाधिक दान करते हैं, कोरोना हो या तीर्थयात्रियों के भंडारे खाने वाले कम पड जाते, आगरा वासियों ने 8 हजार अंगदान किया है, मा. केंद्रीय मंत्री महोदय ने आह्वान किया कि जिस प्रकार सेना का सम्मान करते हैं हमें व्यापारियों, करदाताओं का भी सम्मान करना चाहिए, आयुष्मान कार्ड से इलाज हो या किसान सम्मान निधि या फ्री राशन सभी में व्यापारियों, कर दाताओं का योगदान है, उन्होंने उपस्थिति लोगों को प्रेरित किया कि वे एक पेड़ मां के नाम व रक्त दान करें। मा. विधायक भगवान सिंह कुशवाह ने दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि भामाशाह जी ने राष्ट्र की रक्षा हेतु निस्वार्थ भाव से अपना सर्वस्व दान कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं तो उसका निराकरण तत्काल सरकार व प्रशासन करता है। उन्होंने दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र के निर्माण हेतु तत्पर रहने हेतु आह्वान किया गया। अपर आयुक्त राज्य कर श्री पंकज गांधी ने कहा कि सरकार व प्रशासन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, जीएसटी टैक्स व्यवस्था को जुलाई 2017 से ऑनलाइन लागू कर व्यापारियों को सहूलियत प्रदान की गई है अब कम समय में तथा पारदर्शितापूर्ण टैक्स का भुगतान किया जा सकता है, इससे व्यापारी वर्ग को बहुत सी होने वाली परेशानियों से बचाया गया है। सभी लोग जो जीएसटी की पात्रता पूरी करते हैं वो अपना रजिस्ट्रेशन कराएं, सरकार द्वारा किए जा रहे सरल प्रक्रिया हेतु वित्तीय सुधारों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर एक जनपद एक उत्पाद एवं उत्पादों की स्टॉल लगाए गए अन्य विभागों के स्टाल भी लगाए गए तथा संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा भामाशाह के जीवन पर आधारित लोकगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर जितेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार दुबे आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री टी एन अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अनिल शर्मा, लघु उद्योग भारती के विजय गुप्ता, गिरिराज अग्रवाल जय पुरुसनानी, पंकज अग्रवाल, संजय अरोड़ा आदि तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



# एक पेड़ मां के नाम: व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगा वन विभाग, क्रियान्वयन पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## 2025 को एक पेड़ माँ के नाम 2.0 हेतु समर्पित बैठक सम्पन्न, प्रकृति हमारी धरोहर, इसे बचाना हम सब का दायित्व - राजेश कुमार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** प्रभागीय वन अधिकारी (DFO) राजेश कुमार की अध्यक्षता में पलाश सभागार में वृक्षारोपण अभियान 2025÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0÷ की कार्ययोजना व क्रियान्वयन पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा अभियान को जनसहभागिता से प्रभावी बनाते हुए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं संरक्षण सुनिश्चित करने पर केन्द्रित रहा। बैठक में श्री राजेश कुमार (DFO) ने बताया कि वृक्षारोपण एक भावनात्मक और नैतिक कर्तव्य है। यह अभियान हमारी मातृभूमि और मातृशक्ति को समर्पित है। हम सब मिलकर इसे एक जनांदोलन बनाएंगे। श्रीमती पुनीता यादव, सिटी रेंज ऑफिसर ने कहा कि ÷सभी वृक्षारोपण स्थलों पर निगरानी दल गठित किए जाएंगे ताकि पौधों की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सुश्री सुरभि जैन, रिसर्च असिस्टेंट) ने बताया कि विभिन्न प्रजातियों की पौधों की जीवित रहने की दर पर रिसर्च कर डेटा तैयार किया जा रहा है, जिससे हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण मिलेगा।÷ श्री शुभम सक्सेना, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ने कहा कि नदी तटों पर वृक्षारोपण से पारिस्थितिकी संतुलन के साथ गंगा की निर्मलता में भी योगदान होगा। बैठक में नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के श्री गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि उनकी संस्था वृक्षारोपण में सक्रिय रूप से भाग ले रही है और औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से हजारों पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। रिटायर्ड नेवी अधिकारी श्री ओ.पी. सिंह ढाकरे ने शौर्य वन÷ की स्थापना की घोषणा की, जो सैन्य बलिदान की स्मृति में समर्पित होगा। इंडिया राइजिंग की टीम ने सामूहिक संकल्प दोहराया कि हर दिन एक पौधा रोपेंगे और हर जन्मदिन पर वृक्षारोपण अनिवार्य रूप से करेंगे। संस्कृति यूथ फाउंडेशन से सुश्री ज्योतिका बघेल ने बताया कि उनकी संस्था यमुना नदी तट पर प्रत्येक रविवार सफाई अभियान चलाकर वृक्षारोपण का जनअभियान संचालित कर रही है। WRI के डॉ. राहुल तिवारी ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के अपने कार्यों और जागरूकता अभियानों का संक्षिप्त विवरण साझा किया। बैठक में वरिष्ठ पर्यावरणविद श्री के.सी. जैन ने अपनी पर्यावरण संबंधी पुस्तक भेंट की तथा डॉ. श्रीकांत कुलश्रेष्ठ ने पर्यावरण पत्रिका वन विभाग को भेंट की। उक्त के अतिरिक बैठक में वृक्षारोपण स्थलों का चयन व संरक्षण, ग्रीन कमिटमेंट को बढ़ावा देना, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता, सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता, एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान को जनांदोलन बनाना आदि मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। अंत में, छ्ष्ठ्रह्र श्री राजेश कुमार ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी की प्रतिबद्धता इस अभियान को ऐतिहासिक सफलता दिलाएगी। प्रकृति हमारी धरोहर है, इसे बचाने का दायित्व भी हमारा है।



# गोपालपुरा के सरकारी अस्पताल में लापरवाही का मामला उजागर, डॉक्टर सोते मिले, अंदर से बंद था अस्पताल का गेट

## ग्रामीणों में आक्रोश, डॉक्टर पर अभद्र भाषा, मनमानी और अवैध वसूली के आरोप

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/पिनाहट।** थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुरा स्थित आयुष्मान जन आरोग्य अस्पताल में लापरवाही और अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। शनिवार को ग्रामीण जब इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, तो वहां डॉक्टर अस्पताल के अंदर सोते हुए मिले और मुख्य गेट अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने के बाद जब डॉक्टर जागे तो गेट खोला। पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर डॉक्टर ने बदसलूकी करते हुए जवाब दिया आप कौन होते हैं पूछने वाले?÷ यह रवैया देख ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया।

**ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप**

ग्रामीणों का कहना है कि यह अस्पताल अक्सर बंद रहता है और डॉक्टर मनमानी करते हैं। कोई समय तय नहीं है, कभी भी अस्पताल बंद कर चले जाते हैं। कई बार 15 से 20 दिन तक अस्पताल खुलता ही नहीं। महिला मरीजों के साथ भी गलत व्यवहार किया जाता है। एक महिला जब दवा लेने पहुंची तो डॉक्टर ने कह दिया ÷आज दवा नहीं मिलेगी, कल आना। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि डॉक्टर प्रत्येक मरीज से 50 से 100 रुपये तक वसूलते हैं, जबकि यह सुविधा मुफ्त होनी चाहिए।

**बच्चों पर चोरी का झूठा आरोप**

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व डॉक्टर आधी रात को 1:30 बजे अपनी गाड़ी से कहीं चले गए और लौटकर गांव के ही कुछ बच्चों पर चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए मानसिक दबाव डाला।




**पंचायत प्रधान भी सवालों के घेरे में**

इस पूरी घटना की जानकारी जब ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रधान को देने के लिए फोन किया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान भी इन शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लेते।

**ग्रामीणों की चेतावनी**

गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अस्पताल में सुधार नहीं हुआ और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर आंदोलन करेंगे।

# खंदौली खंड विकास कार्यालय पर तेजी से हो रहा विकास, कूड़े, गोबर का लगा ढेर, कुछ दिन बाद दीवारों पर छपेंगे उपले

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** खंदौली खंड विकास कार्यालय के बाहर गेट के पास इस समय गोबर का ढेर लगा हुआ है जिसके चलते लोगों का बैठना दुभर हो गया है। मुख्य मार्ग पर भी जलभराव है। क्षेत्रीय नेता-अधिकारियों की लापरवाही ग्रामीणों झेलनी पड़ रही है। भारतीय किसान यूनियन के गिर्राज सिंह नौहवार उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री ने इस मामले को ब्लॉक प्रशासन को अवगत कराया और समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। हाइवे पर जलभराव हो रहा है। मुख्य मार्ग इससे अछूता नहीं है। यदि गांव में एंट्री की जाएगी तो पानी से होकर होगी। आम जन के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक के बाहर गोबर का ढेर लगा हुआ है। कई बार अधिकारियों व ब्लॉक प्रमुख से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इस समय प्रतिमा स्थल के हालात बेहद खराब हैं। जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों ने भी पैर पसार लिए हैं, शनिवार को मोके पर गिर्राज सिंह नौहवार ने ब्लॉक प्रशासन को इस मामले से अवगत कराया। साथ ही फोटो व वीडियो भी दिखाई। बाद में उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां, प्रदेश प्रचार मंत्री गिर्राज सिंह नौहवार, मनीष पंडित, मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा की जल्द ही समस्या का समाधान न हुआ तो ब्लॉक पर देंगे धरना।



# मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर थाना किरावली पर दोनों समुदाय के लोगों के साथ हुई बैठक आयोजित



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शुक्रवार को थाना किरावली परिसर में मोहर्रम ओर कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी अछनेरा गौरव सिंह ने की। धार्मिक आयोजनों को लेकर कानून व्यवस्था पर चर्चा की गई। एसीपी अछनेरा गौरव सिंह ने कहा कि किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी जुलूस में तलवार का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की और कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। अराजक तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसीपी गौरव सिंह ने शांति बनाए रखने और कानून उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। ताजियों को निर्धारित रास्तों पर रखने की सलाह दी गई। बैठक में मुख्य रूप से एसएसआई राकेश कुमार सागर कस्बा चौकी इंचार्ज सतीश कुमार सोलंकी एसआई अमित कुमार एसआई हिमांशु कटियार समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव चौधरी गुड्डू कुरैशी, सुलेमान अहमद, तेज सिंह, दानिश कुरैशी, सभासद, हाजी रहीस कुरैशी, पूर्व जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, दीवान सिंह, राधे श्याम प्रधान, डॉ गुड्डू, गीतम सभासद, चौधरी बाबू, चौधरी राजू, चौधरी वकील, जब्बार नेता, मनु सोलंकी प्रधान, देवेंद्र बंशीबाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भदरौली में डबल डेकर बस से टच हुई विद्युत लाइन, ड्राइवर समेत तीन को लगा करंट

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अहमदाबाद से बाह की ओर जा रही एक डबल डेकर यात्री बस शनिवार को उस समय हादसे का शिकार हो गई जब वह पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव भदरौली के पास हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई। बस की ऊपरी मंजिल ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से छू गई, जिससे पूरे वाहन में करंट दौड़ गया।ताल में भर्ती कराया गया है।

**करंट की चपेट में आए तीन लोग**

बस में करंट दौड़ने से ड्राइवर नीटू यादव समेत दो यात्री झुलस गए। यह घटना तब हुई जब ड्राइवर ने सवारी उतारने को बस को साइड में रोका। झुलसे यात्रियो में महिला रेखा और उसका बेटा मोहित है। बताया जाता है कि बस में तमाम सवारियां होने के बाद भी केवल इन्हीं तीन को इसलिए करंट लगा कि महिला और उसका पुत्र बस से उतर रहे थे और वे खिड़की के पास लोहे के पाइप को पकड़े हुए थे जबकि ड्राइवर का हाथ खिड़की से टच हो गया था। तीनों को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। तीनों की हालत ठीक है।

**अफरातफरी का माहौल, बाकी यात्री सुरक्षित**



हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। करंट लगने की वजह से कुछ देर तक यात्री दहशत में रहे, हालांकि राहत की बात रही कि अन्य सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना के वक्त बस में करीब 40 से अधिक लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस की ऊपरी संरचना ऊंची होने के कारण हाई टेंशन लाइन से संपर्क में आ गई। बिजली विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया गया है ताकि इस रूट पर सुरक्षा के इंतज़ाम किए जा सकें। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिनाहट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सीएचसी केंद्र के चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया।

# ज्वैलर्स की दुकान से चोरी की घटना को अंजाम देने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ज्वैलर्स की दुकान से पीली धातू चोरी करने की घटना में वांछित अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार-(कब्जे से 1.650 ग्राम पीली धातु की एक ढेली व अवैध असलहा बरामद हुए)... थाना पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीर दते बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के फुलट्टी बाजार में तलवार ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। और 02. जून.2025 को कुछ अज्ञात लोगों ने सुबह लगभग 5 बजे के आस पास दुकान से 10 ग्राम सोने का चूरा जिसकी कीमत लगभग 01 लाख रुपए है। चोरी कर लिया गया एवं पुनः 07. जून.2025 की सुबह में दुकान में घुसकर दुकान में रखे नग नगीनों जिनकी कीमत लगभग 01 लाख रुपए है। की चोरी कर ली गई। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मामला दर्ज कर चोरी की घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। 27 जून को गठित पुलिस टीमों ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ज्वैलर्स की दुकान से पीली धातु चोरी की घटना में बांछित अभियुक्त फरदीन पुत्र मौहम्मद हसीन निवासी बेगम डियोढी मस्जिद के पास थाना कोतवाली को सिटी रेलबे स्टेशन के पास गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे 01 अवैध तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर व 1.650 ग्राम पीली धातु की एक ढेली (चोरी की) बरामद हुई । थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध असलहा के संबंध में धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वही थाना कोतवाली पुलिस ने बताया कि 08 जून 2025 को घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों मोईन पुत्र शेखकलुआ व दानिश पुत्र मोहम्मद आजम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोतवाली धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी एसआई सोनू कुमार एसआई अनूप सिंह गुर्जर एसआई मितेन्द्र सिंह एसआई नागेद्ध सिंह शामिल थे।

# सांप के जोड़े को पीट पीटकर मार डाला : मारने के बाद जलाया, वन विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ कराई एफआईआर

**आगरा।** पिनाहट में सांप के जोड़े को मारने पर तीन लोगों के खिलाफ वन विभाग ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। तीन लोगों ने सांप के जोड़े को पीट कर मार दिया था। उनके खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। घटना शुक्रवार की है। पिनाहट में विप्रावली में सांप का जोड़ा निकला था। विप्रावली नहर के पास के खेतों में सांपों का एक जोड़ा देखा गया। सांपों को देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग जमा हो गए। इसी दौरान, भीड़ में से एक युवक ने लाठी डंडों से सांपों को पीटना शुरू कर दिया। जिससे दोनों सांपों की मौत हो गई। सांपों को मारने के बाद उन्हें मौके पर ही जला भी दिया गया। घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वन विभाग ने इसका संज्ञान लिया। वन विभाग ने अपनी तरफ से तहरीर दी। तीन लोगों के खिलाफ वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान हरिसिंह, प्रमोद और बल्ला के रूप में हुई हैं। तीनों ही पिनाहट के इंद्रानगर विप्रावली के रहने वाले हैं।

# बेटी की शादी के लिए जुटाए गहने चोरी; रात 2 बजे मकान से 12 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 22 हजार रुपए ले गए चोर

**आगरा।** आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र के गांव नौबरी में चोरों ने एक परिवार के सपनों को चकनाचूर कर दिया। शनिवार की रात करीब 2 बजे चोर शिवराज सिंह के मकान में घुस गए। उनकी बेटी अंजलि और पत्नी गिरिजा छत पर सो रही थीं। शिवराज अपने एक बेटे और बेटी के साथ गांव के बाहर नए मकान पर थे। अंजलि को सर्दी लगने पर वह मां के साथ नीचे गई। उन्होंने देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और एक चोर अंदर मौजूद था। चोर को देखते ही उन्होंने शोर मचा दिया। आसपास के लोग जमा हुए, लेकिन तब तक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुका था।गिरिजा ने बताया कि नवंबर में उनकी बेटी की शादी होनी है। चोर करीब 12 तोला सोने के गहने, 1 किलो चांदी के आभूषण और 22 हजार रुपए की नगदी ले गए। इनमें कुछ पुश्तैनी गहने भी शामिल थे। पीड़ित परिवार ने पुलिस कंट्रोल रूम और थाने में सूचना दी है।थाना प्रभारी ताजगंज ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।



# दबंगो के आतंक से परेशान होकर पीडित पहुंचा कप्तान की चैखट

## न्याय न मिलने पर आत्मदाह की धमकी कालापहाड वासिन्दा दरोगा बन दे रहा धमकी ...

सांध्य पहल संवाददाता

**बन्दरगुढा (जाखलौन)।** मुख्यालय से करीब 25 किमी0 दूरी पर स्थित थाना जाखलौन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बन्दरगुढा वासिन्दा आधार सिंह पुत्र नारायन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थनापत्र में लिखा है कि उसे कालापहाड वासिन्दा एक व्यक्ति के द्वारा अपने आपको दरोगा बतलाकर मुझे डराता धमकाता है इस कार्य में वह उसके पुत्र को भी लिये हुये है तथा एक संगठित गिरोह बनाकर अवैध तरीके से असलहा सप्लाई कर रहा है। रिपोर्ट दर्ज कराने जाने पर वह जाखलौन पुलिस से मिलकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देता है।



पीडित को जान माल का खतरा है और वह कप्तान की चैखट पर न्याय की गुहार कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि बन्दरगुढा निवासी आधार सिंह पुत्र नारायन सिंह खेती का कार्य करके अपना भरण पोषण करता चला आ रहा है कि इसका लडका दीपक को कालापहाड का रहने वाला एक व्यक्ति जो कि अपने आपको म0प्र0 का दरोगा बतलाकर उसके लडके से अवैधानिक तरीके से असलाहों की बिक्री करा रहा है जिसका एक संगठित गिरोह है जिसमें 4-5 आदमियों के होने के बारे में बतलाया गया। पीडित ने यह भी बतलाया कि 27.6.2025 को जब वह अपने घर में रात्रि सोया हुआ था कि कालापहाड वासिन्दा एवं उसका पुत्र व अन्य अपने मुंह पर नकाबपोश लगाये हुये थे आये और पीडित पर 312 बोर का कटटा लगाकर बोले कि बक्से की चाबी दे जिसमें तू पैसा छिपाये हुये है तभी दीपक की मां ने कहा कि यह अच्छी तरह से नहीं मानने वाला तभी सिर पर कटटा लगाकर उससे जबरन चाबी छीन ली तथा बक्से में रखे 40हजार रू0 उठा लिये जाते समय दीपक एवं कालापहाड वासिन्दा व्यक्ति बोला कि यदि तूने दीपक या इसकी मां या किसी की भी थाने में रिपोर्ट की तो समझ लेना कि तू संसार में कुछ दिनों का मेहमान है तथा मौका पाकर भाग गये। रात होने के कारण मैं रिपोर्ट करने नहीं आ सका। मौका पाकर पीडित कप्तान की चैखट पर न्याय के लिये गया अब देखना है कि इस व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस क्या कार्यवाही करती है पीडित ने यह भी बतलाया कि म0प्र0 का दरोगा बताकर कालापहाड निवासी कह रहा था कि तुझे ऐसे में फंसवा दूंगा कि तू जिन्दगी भर जेल में चक्की पीसता रहेगा मेरे यहां के कानून उ0प्र0 से काफी बडे है एक बार जेल जाने के बाद व्यक्ति बाहर नहीं आ पाता सारा जीवन जेल में ही कटता है। पीडित आधार सिंह के द्वारा पुलिस कप्तान को दिये गये प्रार्थनापत्र में दर्शाये गये शब्दों के आधार पर पीडित के प्रार्थनापत्र पर हस्ताक्षर बतलाये गये हैं। देखना है कि पुलिस इस पर क्या कार्यवाही करती है यह तो समय ही बतलायेगा वर्तमान में पीडित काफी डरा हुआ एवं भयभीत है।

# साधन सहकारी समिति थनवारा का 2100 कुन्तल गेंहू गोदाम में जमा नही

## अपर जिलाधिकारी ने 30 जून तक गेंहू जमा न होने पर कार्यवाही के आदेश दिये

## सहकारी समिति में हो रहे घोटालों पर उपायुक्त झांसी का कडा रूख

**थनवारा (ललितपुर)-** मुख्यालय से करीब 16 किमी0 दूरी पर स्थित बी पैक्स साधन सहकारी समिति थनवारा की समिति के द्वारा गेंहू क्रय किया गया था। इस संस्था में क्रय केन्द्र बनाकर गेंहू की 5719 कुन्तल गेंहू खरीद अभिलेखों में की गयी जिसमें 3600 कुन्तल की डिलेवरी पी0सी0एफ0 गोदाम पर होना बतलायी गयी किन्तु 2100 की डिलेवरी सचिव व क्रय केन्द्र प्रभारी ने नहीं की। 27 मई को जिला प्रबन्धक पीसीएफ ने क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। 3 दिवस के भीतर संपूर्ण गेंहू की डिलेवरी होने के आदेश दिये किन्तु 2 दिन शेष बचा हैं पीसीएफ गोदाम तक 2100 कुन्तल गेहू की डिलेवरी नहीं की गयी है, आखिर क्यों ? संपूर्ण प्रकरण को अपर जिलाधिकारी अंकुश श्रीवास्तव के संज्ञान में आया उन्होंने जिला सहायक निबन्धक सहकारी समितियां अरविन्द मेहर को कडे निर्देश देते हुये कहा कि 30 जून तक प्रत्येक दशा में क्रय केन्द्र का गेंहू जमा होना अनिवार्य है यदि ऐसा नहीं होता है तो केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध अमानत में ख्यानत एवं 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज करें। जानकारी मिली है कि यह गेंहू की कीमत करीब 50 लाख रूपये के करीब बतलायी जाती है। अपर जिलाधिकारी अंकुश श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा है कि इस गेंहू खरीद में केन्द्र प्रभारी के साथ-साथ समिति के सचिव की सलिप्तता उजागर होती है। इसमें जितने भी दोषी पाये जायेंगे किसी भी प्रकार से क्षमा नहीं किये जायेंगे।

यह सरकारी गेहू है आपने यह भी बतलाया कि निरन्तर समितियों के द्वारा इस प्रकार के कृत्यों को लंबे समय से किये जाने की जानकारी मेरे संज्ञान में है। वहीं दैनिक सांध्य पहल के ब्यूरो पं0 महेश प्रसाद शर्मा के द्वारा उपायुक्त एवं उपनिबन्धक सह0 समि0 झांसी अजीत कुमार सिंह के आकस्मिक ललितपुर में दिनांक-24.6.2025 को हुयी वार्ता में उन्होंने बतलाया कि थनवारा साधन सह0समि0 का मामला मेरे संज्ञान में है। 15 दिन का उच्च न्यायालय इलाहाबाद से केन्द्र प्रभारी द्वारा स्टे लिया गया है।

30 जून तक पैसा या गेंहू की डिलेवरी नहीं की जाती है तो केन्द्र प्रभारी के साथ साथ जिसकी भी इस कार्य में संलिप्तता पायी जायेगी उसे किसी भी तरह से नहीं बक्शा जायेगा। उसके विरूद्ध 409, 420 एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। आपने यह भी बतलाया कि मेरे संज्ञान में यह भी आया है कि समिति के अनेक सचिवों के नाम बैलेन्स शीट में लाखों रूपया डला हुआ है तथा वर्तमान में वह समिति में कार्यरत है यदि समय पर बैलेन्स शीट में डले धन को जमा नहीं किया जाता है तो ऐसे सचिव के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह तो समय ही बतलायेगा कि थनवारा समिति में आंकिक द्वारा क्रय किये गेहू का पैसा या गेंहू पीसीएफ में जमा किया जाता है यह तो वक्त ही साक्षी होगा लेकिन इस कार्य में एक नहीं अनेक व्यक्तियों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता पायी जाती हैं स्पष्ट है कि 30 जून के बाद थनवारा समिति में क्रय किये गये गेंहू घोटाला कांड में अनेक व्यक्तियों के विरूद्ध हो सकती है कठोर कार्यवाही।

# संक्षिप्त समाचार

## आपसी विवाद में दो पक्ष भिड़े, एफआईआर

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम तरगुवां निवासी विजय रैकवार पुत्र दस्सू ने पुलिस को बताया कि वह अपनी परचून की दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी पड़ौस के भूपेन्द्र पुत्र रामबाबू उर्फ रामपाल, रामपाल व रघुवीर पुत्रगण रामदीन रैकवार, ललीदेवी पत्नी रामपाल एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग दुकान हटाने को लेकर जान से मारने की धमकी देने लगे। विवाद बढ़ता देख बचाने आयीं मां गीता, भाभी चांदनी व पत्नी संध्या के साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं रामपाल पुत्र स्व.रामदीन रैकवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार को रात करीब 9.30 बजे वह अपने हाथ ठेला की दुकान पर बैठा था, तभी गांव के शंकर व विजय पुत्रगण दशू उर्फ दस्सू ढीमर, गीता पत्नी दस्सू एकराय होकर आये और दुकान बंद करने की बात कहते हुये गालियां देने लगे। कारण पूछने पर उक्त लोगों ने उसके साथ एकराय होकर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आयी उसकी पत्नी लली व पुत्र भूपेन्द्र के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बकरी चराकर जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बरीखुर्द निवासी छत्रपाल सिंह पुत्र मनोहर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे वह बकरी चराकर घर जा रहा था। तभी वह सुजान सिंह के घर के पास से निकाला तो सुजान सिंह पुत्र छोटेराजा ठाकुर ने उसे रोकते हुये कहा कि भज्जू के मुकद्में में राजीनामा करा दो, जिस पर उसने कहा कि वह स्वयं बात कर ले तो उक्त सुजान ने उसके साथ गालियां देते हुये अपने परिवार के नैपाल सिंह पुत्र करन सिंह ठाकुर, जाहेन्द्र सिंह पुत्र सेनपाल सिंह ने मारपीट कर दी। बचाव करने उसकी बहू कमलेश राजा पुत्र जितेन्द्र सिंह के साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। इसके बाद आये उसके चाचा का लड़का पुण्यपाल सिंह ने उसे बचाया तो जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पेट्रोल डलवा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी के बन्दपुरा निवासी देवेन्द्र पुत्र प्रकाश यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 26 जून को वह छावड़ा पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल डलवा रहा था। तभी पीछे से तीन व्यक्ति आये, जिनमें ललितपुर के मोहल्ला घुसयाना निवासी अखिल पुत्र वीरबल अहिरवार, जेल चौराहा निवासी प्रिंस करौसिया पुत्र उमेश करौसिया व मोहल्ला पठापुरा निवासी चीकू पुत्र मुकेश रजक एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जमीनी विवाद में दम्पत्ति ने महिला पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**ललितपुर।** जमीनी विवाद को लेकर पति-पत्नी ने एक महिला के साथ मारपीट कर दी। प्रकरण को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तालबेहट के ग्राम चुरावनी निवासी रामा लोधी पत्नी सूरज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत पर थी, तभी गांव के रामकृष्ण लोधी पुत्र गिरबल व जैयन्ती लोधी पत्नी रामकृष्ण एकराय होकर आये और जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने कुल्हाड़ी से मार दी, जिससे उसके हाथ की अंगुली में चोट आ गयी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 352 व 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रामकृष्ण लोधी पुत्र गिरबल ने पुलिस को बताया कि वह अपने प्लाट पर था, तभी जयहिन्द लोधी पुत्र सूरज, सूरज पुत्र रामदयाल, रामा लोधी पत्नी सूरज व दीपा लोधी पत्नी जयहिन्द ने एकराय होकर उस पर व उसकी पत्नी जैयन्ती लोधी पर लाठी-डण्डों, लात-घूसों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के दौरान उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## टैंकर लेकर आ रहे ट्रैक्टर में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** नगर पालिका का पानी का टेंकर लेकर जा रहे ट्रेक्टर में स्कार्पियों संख्या यू.पी. 94 ए.एफ. 6150 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वही दुर्घटना में ट्रैक्टर भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया है नगर पालिका का ट्रैक्टर पानी का टेंकर लेकर दैलवारा स्थित बच्चा जेल में पानी की सप्लाई करने गया हुआ था, जब वापिस आ ही रहे थी कि राजघाट मार्ग पर पिसनारी तिगैला के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी।

# लाइसेंस निलम्बन/निरस्त करने का भय दिखाने से व्यापारियों में खौफ

## उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** कृषि विभाग पर कृषि आदान व्यापारियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित करते हुये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर प्रताड़ित कर उनके लाइसेंस निबम्बन/ निरस्त करने सहित ई.सी.ए. की धारा 3/7 की कार्यवाही की जा रही है जिससे पूरे प्रदेश के व्यापारियों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है, एवं व्यापारी अपनी दुकानें बंद किये हुए हैं। समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने बताया कि उर्वरक निर्माता कम्पनियों द्वारा यूरिया 242 से लेकर 246 तक होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल 4 से 5 रूपये ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रूपये तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 रूपये लग रहा है। जबकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए लेकिन कोई भी कंपनी एफओआर नहीं दे रही है। इसके अलावा 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक अन्य उत्पाद भी टैगिंग किया जा रहा है, वह जबरन दिया गया अन्य उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण व्यापारियों की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित रेट 266 .50 पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाये जब व्यापारी को मिल ही नहीं रही है। यही स्थिति डी.ए.पी., एनपीके आदि पर भी है। बताया कि विभाग द्वारा कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर व्यापारी के खिलाफ लाइसेंस निलम्बन और मुकदमे की कार्यवाही की जा रही है जबकि उनकी सेल परमीशन लखनऊ से ही होती है और सभी के गोदाम भी वही पर है क्या उनकी वहां बगैर जांच किये परमीशन दी जा रही है। कीटनाशक अधिनियम की धारा 30 (3 ) के तहत व्यापारियों को यह साबित करने के लिए समय दिया जाना चाहिए कि उसने कंपनी के मूल उत्पादन में बिना छेड़छाड़ किए माल बेचा है तो संपूर्ण जवाबदारी निर्माता कंपनी की है विक्रेता की नहीं। ऐसी स्थिति में यदि कोई कीटनाशक अमानक पाया जाता है तो संपूर्ण जवाबदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए ना कि विक्रेता की क्योंकि हम कंपनी के मूल पैकिंग में ही माल बेचते हैं, और सिर्फ वही कंपनियों का उत्पादन बेचते हैं जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में की अनुमति जारी की जाती है। एसोसियेशन की मांग है कि हम सरकार और किसानों के साथ है हमें फर्टिलाइजर शासन द्वारा निर्धारित रेट में दिलाया जाये और सभी प्रकार की टैगिंग बंद की जाए तथा कार्यवाही व्यापारी पर न होकर केवल निर्माता कम्पनी पर की जाये और प्रदेश में जिन व्यापारियों पर कार्यवाही की गयी है और 3/7 का मुकदमा दर्ज हुआ है उसे निरस्त किया जाने की मांग उठायी गयी। बीज बेचने पर कंपनियों का प्रिंसिपल सर्टिफिकेट लाइसेंस पर अंकित करवाने के लिए बाध्य करना दूसरे जिले में बीज बेचने पर अलग से अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) लखनऊ से लेने के लिए बाध्य किया जाता है जबकि बीज अधिनियम 1966 बीज नियंत्रण आदेश 1983 में ऐसा कुछ दर्शाया नहीं गया है क्योंकि बीज व्यापारी जिला कृषि अधिकारी से अनुज्ञप्ति लेकर निर्यात कर सकता है तो पूरे प्रदेश या राष्ट्र में क्यों नहीं बेच सकता है यदि भारत सरकार द्वारा बीज अधिनियम 1966 बीज नियंत्रण आदेश 1983 में कोई परिवर्तन हुआ है तो इसकी एक गाइडलाइन स्पष्ट की जाए ताकि ये जो भ्रम की स्थिति है वो समाप्त हो बीज अधिनियम व बीज नियंत्रण आदेश के नियमानुसार व्यापार किया जा सके बीज व्यवसाय में दलहन तिलहन अनाज के बीजों को स्टॉक बोर्ड रेट बोर्ड पर अंकित हो तथा सब्जी के बीज इतने प्रकार के होते है कि उनको स्टॉक बोर्ड पर दर्शाना कठिन ही नहीं असंभव भी है ।

उन्होंने आह्वान किया कि उक्त मांगों पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाए और इस स्थिति का उचित समाधान किया जाये अन्यथा हम सब व्यापारी लाइसेंस समर्पण करने का कार्य करेंगे। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर, जिला उर्वरक एसोसिएशन अध्यक्ष महेश जैन, अमित विश्वरी, रविरतन जैन, रोहित साहू, जगभान राजपूत, संजय नायक, हिरदेश राजपूत, इरशाद खान, शैलेंद्र राय, स्वप्निल सराफ, अभिषेक तिवारी, विपिन कुमार, फारुख खान, प्रवीण चौधरी, लोकेश राठौर, चंद्रप्रकाश साहू, प्रदीप खिरिया, संजय मोदी, विश्वास, बिनय, सतीश चौबे, आनंद दुबे, विपिन राय, केहर राय, हरि मिश्रा, हाकिम सिंह, अमित राजपूत, चक्रेश सतभैया, इंद्रपाल राय, सुनील सेन, आशीष जैन, नरेंद्र कुमार, राम बिहारी, निरपाल सिंह, राजेश साहू, पारस जैन, राजू सिंघई, आशीष देवलिया, लक्ष्मी दाऊ, जगदीश सिंह, प्रवीण गुप्ता, सुनील साहू, प्रसन्न साहू, शरद यादव, राम राजपूत, नितिन राजपूत, सत्येंद्र राजपूत, बद्री मोदी, अभिनंदन राय, अमित शिवाजी, राजेंद्र राजपूत, बंटी सौरया, हितेश राय, दिनेश मिश्रा, अमित भाई जी, निशांत साहू, राजेश सुडेले, हाकिम सिंह, नीरज साहू, सिद्धार्थ जैन, मुकेश कुशवाहा, धनीराम निरंजन, इंद्रपाल राजपूत, शिवम गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, विनोद बुखारिया, मुकेश सराफ, अभी राजा, बृजभान सिंह, सुनील गुप्ता, सुनील साहू, दिनेश राय आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आगामी माह जुलाई 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि 01 से 31 जुलाई 2025 संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 जुलाई 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित अभियान में विभिन्न गतिविधियां करायीं जायेगी। इसके जरिए वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। कहा कि आशा कार्यकत्रियों की दस्तक अभियान में सहभागिता सुनिश्चितीकरण तथा उनके द्वारा किए गये कार्यों का कम से कम 20 प्रतिशत सत्यापन डीसीपीएम तथा ब्लॉक स्तर पर बीसीपीएम का उत्तरदायित्व होगा। सभी सम्बन्धित



अधिकारी व कर्मचारी सी.एस. प्रो ऐप पर डिजीटली मॉनीटरिंग डेटा अपलोड करना सुनिश्चित करेगें। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान में सभी विभागों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी। मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने वेक्टर जनित रोगों की स्थिति को बताया। कहा कि माइक्रोप्लॉन मिला है व हाईरिक्स एरिया की सूची में शहर के साथ नगर पंचायत पाली, महरौनी, तालबेहट में जारी कर दी गयी है। सीएचसी स्तर पर लार्वीसाइड दवा उपलब्ध करा दी गयी है। अध्यक्षता कर रहे डीएम ने निर्देशित किया की इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रोप्लानिंग फॉर्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गयी हैं वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार सम्पादित की जायें। जिससे सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग/पर्यवेक्षण सम्भव हो सके। बैठक में एसीएमओ, बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, डीपीआरओ, ग्राम्य विकास विभाग, नगर पालिका परिषद, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, डब्ल्यु.एच.ओ. व यूनीसेफ के प्रतिनिधि, सभी सीएमएस, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षण आदि मौजूद रहे।

## बारिश में बनी खुदी सड़कों की विकराल समस्या, सफाई व्यवस्था ध्वस्त

**ललितपुर।** शहर में हर घर जल योजना के तहत की जा रही खुदाई कार्यों की वजह से अब लोगों को भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें बीच से खुदी छोड़ दी गई हैं, जिनसे निकल रही काली चिकनी मिट्टी और बारिश का पानी मिलकर जगह-जगह दलदली कीचड़ का रूप ले चुका है। इससे आवागमन तो प्रभावित हो ही रहा है, साथ ही फिसलन के कारण गिरकर चोटिल होने की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। शहर की नालियां टूटी और कचरे से भरी पड़ी हैं, जिससे जलभराव की समस्या हर गली-मोहल्ले में देखने को मिल रही है। इससे साफ है कि नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

संचारी रोगों को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान को भी इस अव्यवस्था ने पलीता लगा दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और सफाईकर्मी लापरवाह बने हुए हैं, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने साफ निर्देश दिए हैं कि शहर में जलभराव न हो और सड़कें, नालियां एवं कीचड़ की समय से सफाई हो, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। लेकिन जिम्मेदारों की ढिलाई और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते हालात जस के तस बने हुए हैं।

# गर्मी में पहले आता था 8 हजार रुपए का भारी भरकम बिल, इस बार एक भी रुपए नहीं चुकाना पड़ा अतुल को

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सोलर पैनल लगवा लिया और अब गर्मी में बिजली बिल हुआ जीरो

**रायपुर, कास.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित ÷प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना÷ आज आम नागरिकों की जिंदगी में उजाला ही नहीं, सुकून भी भर रही है। यह योजना सिर्फ बिजली संकट का समाधान नहीं, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की और बढ़ाया ठोस कदम है। इस योजना के एक सफल लाभार्थी में से एक रायपुर के डॉ.



दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी श्री अतुल तिवारी भी है। श्री तिवारी ने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। उन्हें सरकार की ओर से 78,000 रुपए की सब्सिडी मिली, जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। ÷पहले हर गर्मी में बिजली का बिल 7,000 से 8,000 रुपए तक आता था। लेकिन इस बार मेरा पूरा बिल ‘शून्य’ आया है,÷ श्री तिवारी ने उत्साह से बताया। अब उनके घर में बिजली निरंतर और मुफ्त मिल रही है। सिर्फ उनका बिजली खर्च ही नहीं घटा है, बल्कि अब उन्होंने ग्रीन एनर्जी की ओर कदम भी बढ़ाया है। वे कहते हैं, ÷यह योजना गर्मी के मौसम में किसी वरदान से कम नहीं है।÷ बिजली की निर्बाध आपूर्ति से उनका परिवार न केवल आरामदायक जीवन जी रहा है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा बचत में भी भागीदार बन चुका है। अब अन्य लोग भी अपने छतों में सोलर पैनल लगा रहे है और योजना का लाभ उठा रहे हैं। श्री तिवारी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा-

÷यह योजना केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है। इस योजना में 30 हजार रूपये से लेकर 78 हजार रूपये तक अनुदान भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी कैबिनेट की बैठक में हितग्राहियों को 30 हजार तक की सब्सिडी दिए जाने का निर्णय लिया है। इसमें 1 किलो वॉट पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार, 2 किलो वॉट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार, 3 किलो वॉट पर केंद्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी दी जा रही है। 3 किलो वॉट उससे अधिक क्षमता पर 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी स्थिर रहेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता पीएम सूर्यघर डॉट जीओव्ही डॉट इन वेब पोर्टल अथवा पीएम सूर्यघर एप्प में पंजीयन करा सकता है।

